वर्ष: 14 - अंक : 152, मुंबई, शनिवार, 10 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर







## ईडी के सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव रिश्वत लेते रंगेहाथ

# गिरफ्तार

## कोर्ट ने 14 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में भेजा

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव को 14 अगस्त तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। यादव को एक दिन पहले मुंबई के एक जौहरी से 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। विशेष सीबीआई न्यायाधीश एस.पी. नाइक ने रिश्वत मामले में गिरफ्तार ईडी के सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव को जांच एजेंसी की हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीबीआई का कहना है कि यादव ने जौहरी विपुल हरीश ठक्कर के बेटे को धनशोधन मामले में गिरफ्तार करने की धमकी देकर 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार 4 अगस्त को ईडी ने ठक्कर के परिसरों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद सहायक निदेशक यादव ने जौहरी विपुल ठक्कर को धमकी देकर 25 लाख रिश्वत की मांग की।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### ईडी ने भी पीएमएलए के तहत किया मामला दर्ज

*वहीं ईडी ने भी सहायक निदेशक संदीप सिंह के खिलाफ पीएमएलए, 2002 के तहत मामला दर्ज किया और उनके घर की तलाशी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि ईडी और सीबीआई द्वारा उनके कार्यालय पर एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई सीबीआई की एफआईआर और संदीप सिंह की गिरफ्तारी के कारण की गई।*



## मराठवाडा में मनोज जरांगे को घेरेंगे नारायण राणे

### मराठा नेता बोले- मुझे बदनाम करने की साजिश

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** मराठा आंदोलन के कारण महाराष्ट्र में बीजेपी को लोकसभा चुनाव में बड़ा झटका लगा था। खासकर मराठवाडा में बीजेपी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। जबकि मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे पाटिल अभी भी उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बीजेपी को लगातार निशाना बना रहे हैं। फडणवीस का बचाव करने के प्रयास में बीजेपी सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे भी इस लड़ाई में कूद पड़े हैं। मराठवाड़ा में जाकर जरांगे को सबक सिखाने का ऐलान करने के बाद राणे ने अब अपने मराठावाडा दौरे का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। तो वहीं विधानसभा चुनाव से पहले जरांगे ने फडणवीस और बीजेपी के नेताओं पर अपना हमला तेज कर दिया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## शरद पवार और उद्धव ठाकरे हैं देशमुख के असली आका

### पूर्व आईपीएस परमबीर सिंह के संगीन आरोप



मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के बीच आरोपों का दौर चल रहा है। दोनों नेता एक-दूसरे के खिलाफ जमकर भड़ास निकाल रहे है। इस बीच पूर्व आईपीएस अधिकारी परमबीर सिंह ने भी इस मामले में एंट्री की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि देशमुख के असली आका शरद पवार और उद्धव ठाकरे हैं और देशमुख को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने कहा है कि देशमुख पर लगे 100 करोड़ की वसूली के आरोप सही हैं। चिरंजीव देशमुख द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद परमवीर सिंह ने शुक्रवार को देशमुख पर लगाए गए आरोपों को दोहराया। सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि सुशांत सिंह मामले में बॉलीवुड पर दबाव डाला जा रहा था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## वर्ली हिट एंड रन केस में फोरेंसिक रिपोर्ट से बड़ा खुलासा

### आरोपी मिहिर शाह ने नहीं पी थी शराब

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली के बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के नेता राजेश शाह के बेटे और मामले के मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने वारदात के समय शराब नहीं पी थी। मिहिर शाह के रक्त और पेशाब के नमूने फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि फोरेंसिक रिपोर्ट शुक्रवार को वर्ली पुलिस को मिली, और यह नकारात्मक आई है। वर्ली पुलिस ने घटना के करीब 58 घंटे बाद आरोपी मिहिर शाह को विरार फाटा से गिरफ्तार किया था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### पुलिस को झटका

*इस मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट पुलिस के लिए तगड़ा झटका है। रिपोर्ट में आरोपी मिहिर के शरीर में शराब का न पाया जाने के कारण अब पुलिस को परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर यह मामला अदालत में पेश करना होगा। फोरेंसिक जांच के अनुसार आरोपी मिहिर शाह की शराब की रिपोर्ट पॉजिटिव आती तो पुलिस के लिए यह मामला आसान हो जाता है। लेकिन रिपोर्ट निगेटिव आने के कारण पुलिस को अब यह मामला परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर लड़ना होगा।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### वक्फ बिल पर जेपीसी में होगा विचार

**सरकार** ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित विधेयक बृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश किया। इसे सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई और आखिर में बिल को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने का फैसला हुआ है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन मेंवक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया और विभिन्न दलों की मांग के अनुसार विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव रखा। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, मैं सभी दलों के नेताओं से बात करके इस संयुक्त संसदीय समिति का गठन करूंगा। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह संविधान, संघवाद और अल्पसंख्यकों पर हमला है। मोदी सरकार में शामिल एनडीए के सदस्य दलों जनता दल (यूनाइटेड), तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने विधेयक का समर्थन किया, हालांकि, तेलगु देशम ने बिल को संसदीय समिति के पास भेजने की पैरवी की। विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विधेयक में किसी की धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है तथा संविधान के किसी भी अनुच्छेद का उल्लंघन नहीं किया गया है।उन्होंने कहा, वक्फ संशोधन पहली बार सदन में पेश नहीं किया गया है। आजादी के बाद सबसे पहले 1954 में यह विधेयक लाया गया।इसके बाद कई संशोधन किए गए। रीजीजू ने कहा कि व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श के बाद यह संशोधन विधेयक लाया गया है जिससे मुस्लिम महिलाओं और बच्चों का कल्याण होगा।उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय बनी सच्चर समिति और एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का उल्लेख किया और कहा कि इनकी सिफारिशों के आधार पर यह विधेयक लाया गया। विपक्षी दलों ने वक्फ संशोधन विधेयक को लोकसभा में पेश किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान और संघवाद पर हमला है तथा अल्पसंख्यकों के खिलाफ है।कांग्रेस सांसद के सी वेणुगोपाल ने कहा कि यह विधेयक संविधान पर हमला है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि यह बहुत सोची समझी राजनीति के तहत हो रहा है। यादव ने दावा किया कि भाजपा अपने हताश निराश कट्टर समर्थकों के लिए यह विधेयक ला रही है। जनता दल (यूनाइटेड) ने विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम विरोधी नहीं है और इसे सिर्फ वक्फ संस्थाओं के कामकाज में पारदर्शिता के लिए लाया गया है।

# एएमएचएसएससी और ब्लूसाइन ने परिधान और कपड़ा उद्योग के लिए अत्याधुनिक ई-लर्निंग कोर्स किया लॉन्च

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** अप्रैल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) ने ब्लूसाइन के साथ साझेदारी में फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी ई-लर्निंग कोर्स का परिचय देने पर गर्व व्यक्त किया है। मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित लॉन्च इवेंट ने भारत के परिधान और कपड़ा उद्योग में स्थिरता और नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो जीडीपी में लगभग 2% और विनिर्माण उत्पादन में 18% का योगदान देता है। यह सीधे तौर पर 45 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करता है और संबद्ध उद्योगों में अतिरिक्त 60 मिलियन लोगों का समर्थन करता है। दुनिया के 5वें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में, भारत की स्थिति इस क्षेत्र में सतत विकास की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाती है। उद्घाटन समारोह में सम्मानित उद्योग लीडर्स ने भाग लिया, जिनमें श्री प्रेमल उदानी, निदेशक, एएमएचएसएससी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, प्रबंध निदेशक केटी कॉर्पोरेशन (पी) लिमिटेड, श्री विजयकुमार जमनाधर अग्रवाल, निदेशक, एएमएचएसएससी बोर्ड




ऑफ डायरेक्टर्स, निदेशक और सदस्य क्रिएटिव गारमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री राजेश मसंद, निदेशक, एएमएचएसएससी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, अध्यक्ष क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमएआय), पद्मश्री डॉ. ए सक्थिवेल, चेयरमैन एएमएचएसएससी और कैथरीन वेरेना मेयर, डायरेक्टर ऑफ कस्टमर रिलेशंस ब्लूसाइन टेक्नोलॉजीज शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। एएमएचएसएससी और ब्लूसाइन अकादमी द्वारा विकसित फाउंडेशन टू अपैरल सस्टेनेबिलिटी कोर्स सितंबर 2024 में शुरू होगा। 8 सप्ताह की अवधि में ऑनलाइन मॉड्यूल प्रारूप के माध्यम से प्रस्तुत, इस कोर्स में प्रत्येक सप्ताह एक ई-लर्निंग सत्र होगा। इसका उद्देश्य वस्त्र उद्योग में पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन (ईएसजी) पहलुओं की गहन खोज करना है, जिसमें विशेष रूप से भारतीय बाजार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह कोर्स 2070 तक नेट जीरो हासिल करने के भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करता है, जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिज्ञा की गई है, जिससे उद्योग लीडर्स को स्थायी प्रथाओं को लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान किया जा सके। कोर्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि प्रतिभागियों को ऐसा व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जा सके, जिसे वे विनिर्माण इकाइयों को सीधे लागू कर सकें। यह परिधान उद्योग में वरिष्ठ और मध्यम प्रबंधन के लिए तैयार किया गया है, जिससे ये लीडर्स जिम्मेदार बदलाव को संचालित कर सकें और स्थिरता में भारत को एक वैश्विक लीडर्स के रूप में उभरने में समर्थन कर सकें। इसमें शामिल विषयों में स्थायी फैशन का परिचय, फैशन उद्योग का ऐतिहासिक दृष्टिकोण, स्थायी फाइबर, इको-फ्रेंडली टेक्सटाइल प्रक्रियाएं, प्रभाव और पदचिह्न आंकलन, रासायनिक प्रबंधन और खतरे का आंकलन, परिधान स्थिरता में सामाजिक और नैतिक पहलू और स्थिरता रिपोर्टिंग शामिल हैं।

एएमएचएसएससी चेयरमैन पद्मश्री डॉ. ए सक्थिवेल ने कहा, मुंबई का गतिशील और प्रभावशाली कपड़ा उद्योग सतत प्रथाओं में अग्रणी बनने के लिए पूरी तरह से तैयार है। यह पाठ्यक्रम हमारे पेशेवरों को जिम्मेदारी से इनोवेशन करने के लिए आवश्यक उपकरणों से लैस करेगा। डायरेक्टर ऑफ कस्टमर रिलेशंस ब्लूसाइन टेक्नोलॉजीज कैथरीन वेरेना मेयर ने कहा, मुंबई में इस कोर्स का शुभारंभ भारत के वस्त्र उद्योग के दिल में स्थिरता को समाहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इसके सकारात्मक प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैं।

# मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ब्यूटी आइकन ऑफ इंडिया के पोस्टर का किया विमोचन आयोजन के लिए दी शुभकामनाएं

### आर्ना फाउंडेशन द्वारा आयोजित ब्यूटी आइकॉन ऑफ इंडिया के सीजन पांच का 25 अगस्त को राजधानी में होगा ग्रैंड आयोजन

**रायपुर।** ब्यूटी आइकॉन ऑफ इंडिया सीजन 5 के ग्रैंड आयोजन के तारीख की घोषणा के बाद आज मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ब्यूटी आईकॉन आफ इंडिया के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया। 25 अगस्त को राजधानी के बड़े होटल में इवेंट आयोजित किया गया है। हर कोई चाहता है ऐसे क्षेत्र में करियर बनाएं जिसमें नाम शोहरत पैसा साथ ही व्यक्तित्व विकास हो। हर साल हजारों महिलाये, युवा ऐसे इवेंट मै एंट्री लेने का सपना देखते हैं। महिला सशक्तीकरण को ध्यान मै रखे हुये हर शेत्र हर वर्ग के लिए आर्ना फाउंडेशन की संस्थापीका रूना शर्मा ने ब्यूटी आइकॉन ऑफ इंडिया के सीजन 5 की घोषणा की है। 25 अगस्त को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिनाले आयोजित होगा। साथ ही ग्लोबल आइकन ऑफ इंडिया की अवार्ड सेरेमनी कराऊँन सेरेमनी भी आयोजित होगी। आर्ना




फाउंडेशन की संस्थापक रूना शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा इससे पूर्व कई सफल इवेंट आयोजित किए जा चुके है जिसके अधिकांश प्रतिभागी फिल्म, विज्ञापन, वेब सीरीज, इत्यादि क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। उन्होंने अपना नाम ,पैसा व शोहरत हर क्षेत्र में सफलता अर्जित की है। इसी कड़ी में अब सीजन 5 के ऐलान किया गया है। जिसमे मशहूर फिल्म अभिनेता भगवान तिवारी,मॉडल भानू प्रिया, सेलेब्रिटीज गेस्ट के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा भारत तथा छत्तीसगढ़ के कास्टिंग डायरेक्टर व कई जानी मानी हस्तियां इवेंट के हिस्सा बनेगी। उन्होंने बताया कि यह एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी करियर है इस लाइन में खुद को मुकाम तक पहुंचाने के लिए आपके पास धैर्य और दृढ़ता के साथ-साथ सहनशक्ति भी होनी चाहिए। अन्य आवश्यक गुण जो आगामी, व्यक्तित्व में खोजे जाते हैं। वह महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको कॉन्फिडेंट होना चाहिए. यदि आपमें ये गुण हैं तो आपके लिये कई अच्छे मुकाम एक आदर्श करियर विकल्प भी है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मेलोडी एंड पावर ग्रुप द्वारा संगीत संध्या 'ये शाम दोस्तों के नाम' का शानदार आयोजन

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** विगत शनिवार दिनांक 4 अगस्त रविवार को मुंबई के बोरीवली वेस्ट स्थित डी पी सिंह स्टूडियो के राधे कृष्ण संगीतालय में एक भव्य संगीत कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुंबई के एक उभरते संगीत ग्रुप मेलोडी एंड पावर जिसके सूत्रधार पूर्व नौसेना अधिकारी, संगीत व कला प्रेमी तथा समाज सेवी श्री डी पी सिंह जी हैं के तत्वावधान से आयोजित किया गया था। मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में मायानगरी के जाने-माने हस्तियों, संगीत साधकों, गायकों, गायिकाओं और बॉलीवुड तथा मीडिया जगत कर अभ्यागतों का जमावड़ा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में मुंबई की जानी-मानी लेखिका प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स की राष्ट्रीय संगठन महासचिव, समाजसेवी शशि दीप, चर्चित ऐक्टर अजय सोनी, ऐक्टर प्रोड्यूसर विजय सक्सेना, डायरेक्टर मितलेश कुमार, ऐक्टर शिवम सिंह, ऐक्ट्रेस पूनम द्विवेदी, ऐक्टर राजकुमार शाह, ऐक्टर सुशांत चौधरी रहे। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रतिभावान गायकों ने अपनी गायकी से समा बंधा और सभी ऑडियंस ने मंत्रमुग्ध होकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम कर एंकर नाथनियल नेल्सन (नैटी) ने अपनी कोकिल आवाज से सभी को प्रभावित किया। गायक इंद्रजीत पाली, गायिका संगीता ने कार्यक्रम के एक एक पल को स्पेशल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा। इस सम्पूर्ण आयोजन में जीएनबी न्यूज के चीफ एडिटर परवेज अख्तर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वीडियो एडिटर और प्रमोशनल वीडियो डिजाइन और विसुअल हेड साक्षी पाली तथा निकिता बंसोडे का सपोर्ट सराहनीय रहा। मुख्य अतिथि शशि दीप ने समाजसेवा के ध्येय से आयोजित ऐसे मनोरंजन पूर्ण कार्यक्रम के लिए पूर्व नौसेना अधिकारी डी पी सिंह जी को बधाई दी तथा परवेज अख्तर जी सफल संयोजन व नेटवर्किंग को बेहद सराहनीय बताया। सभी गायकों ने दोस्ती से लबरेज व कई भावपूर्ण गानों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। मेलोडी एंड पावर की पूरी टीम को सभी अतिथियों ने बधाई दी और स्वादिष्ट स्नैक्स और चाय के साथ बड़ी संख्या में लोग एक दूसरे से रूबरू हुए। सभी संगीत प्रेमियों को एक मंच पर लाने के इस आयोजन में श्रोताओं में भारी उत्साह देखने को मिला, कई गानों की धुन में लोग खूब थिरके। कार्यक्रम के प्रत्यक्षदर्शियों ने आयोजक मंडल व गायकों की भूरि भूरि प्रशंसा की।




# अगस्त क्रांति दिवस के शुभ अवसर पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका, 'एल' वार्ड द्वारा तिरंगा यात्रा मुंबई



9 ऑगस्ट 2024 शुक्रवार ऑगस्ट क्रांती दिवस स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी योद्धा को याद करते हुए इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ एक विषय यात्रा तिरंगो के साथ, हर घर तिरंगा, वंदे मातरम, भारत माता की जय नारो के साथ बृहन्मुंबई महानगरपालिका 'एल' वार्ड द्वारा तिरंगा यात्रा शुरू हुई, कुर्ला स्टेशन से होते, सुभाष नगर से होते, बी.एम.सी 'एल'वार्ड पर समापत हुई जिसमें उपस्थित रहे सहायक आयुक्त धनाजी हेर्लेकर, कलमे सर A.E, देशमुख सर A.E, कुडाळकर सर SE, निकुंभ सर SE, राठौड़ सर AHS, जाधव सर Supervisor, गोसावी सर Supervisor, जाधव सर AO, मिलिंद मंगेकर सर, गिरीश सर और सभी जूनियर सुपरवाइजर एल वार्ड, कुर्ला पोलीस स्टेशन पोलीस कर्मचारी, विनोबा भावे नगर पोलिस स्टेशन पोलीस कर्मचारी समेत मो.शोएब खान, सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), कलीम शाह भी मौजुद रहे और एक दूसरे को हार्दिक शुभकामनाएं दी गई और साथ में जागतिक आदिवासी दिन और नाग पंचमी दिन मंगलमय शुभेच्छा दी गई.

# 'अजहर हुसैन निर्देशक हिंदी वेब सीरीज की शूटिंग में अभिनेता बन गए हैं'

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** इन दिनों अजहर हुसैन वेब सीरीज में पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं, जिसे बिग बॉस के पूर्व प्रतियोगी एजाज खान ने लिखा और निर्देशित किया है, जो अपने खुद के प्रोडक्शन हाउस एक नंबर प्रोडक्शन में डेब्यू डायरेक्टर हैं, वेब सीरीज का नाम बॉम्बे बॉन्ड्स है, जो मुंबई अंडरवर्ल्ड क्रिमिनल पर आधारित है, यह वेब सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी और अजहर हुसैन ने सब टीवी में तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में अभिनेता के रूप में काम किया है, टीवी विज्ञापन और शॉर्ट फिल्म भी की है, लेकिन यह उनके अभिनेता के रूप में करियर के लिए एक बड़ा ब्रेक है, अजहर हुसैन पहले से ही निर्देशक के रूप में अपनी आगामी हिंदी फिल्म में व्यस्त हैं, जिसकी शूटिंग पहले से ही मल्टी स्टार कास्ट के साथ फ्लोर पर है, वे शूटिंग के लिए अगले म्यूजिक एल्बम की भी योजना बना रहे हैं, अजहर हुसैन बॉलीवुड इंडस्ट्री में निर्देशक हैं, उन्होंने टी-सीरीज, जी म्यूजिक, बी4यू म्यूजिक, शेमारू, हंगामा, अल्ट्रा और एमएक्स प्लेयर ओटीटी, वीआई ओटीटी, एयरटेल ओटीटी, हंगामा ओटीटी, शेमारू के लिए कई शॉर्ट फिल्म वेब सीरीज के लिए कई म्यूजिक वीडियो किए हैं। ओटीटी, जी5 ओटीटी उन्हें उनके बेहतरीन निर्देशन के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार भी मिला, लगभग 40+ पुरस्कार अजहर हुसैन का अपना एक फिल्म प्रोडक्शन हाउस भी है जिसका नाम रेडासिड फिल्म्स है, इस प्रोडक्शन हाउस में उन्होंने 20 से ज्यादा प्रोजेक्ट बनाए हैं जो पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अजहर हुसैन पिछले 16 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, उन्होंने कई इवेंट भी आयोजित किए हैं जैसे फैशन शो, अवार्ड इवेंट, फिल्म फेस्टिवल और फिल्म प्रीमियर, म्यूज़िक प्रीमियर भी। अब हम वेब सीरीज में पुलिस के रूप में अभिनेता के रूप में उनकी नई प्रतिभा का इंतजार कर रहे हैं।



# (पृष्ठ 1 का समाचार)

### ईडी के सहायक निदेशक संदीप सिंह यादव रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

लेकिन बातचीत के बाद 20 लाख देने की बात तय हुई। इसके बाद ठक्कर ने सीबीआई से शिकायत की। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि यादव ने और अन्य लोगों ने मिलकर ठक्कर के बेटे को गिरफ्तार न करने के बदले रिश्वत की मांग की थी। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में शिकायत के सत्यापन से प्रथम दृष्टया पता चला कि प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय नई दिल्ली के सहायक निदेशक संदीप सिंह ने अज्ञात अन्य लोगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता विपुल ठक्कर के बेटे निहार ठक्कर को गिरफ्तार न करने के लिए स्वयं तथा एक अन्य व्यक्ति के माध्यम से 20 लाख रुपए की रिश्वत प्राप्त करने के लिए आपराधिक षड्यंत्र रचा था।

### मराठवाडा में मनोज जरांगे को घेरेंगे नारायण राणे

उन्होंने कहा है कि मुंबई स्थित सागर बंगले में रहनेवाले फडणवीस के इशारे पर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। ओबीसी कोटे से मराठा समाज को आरक्षण देने की मांग कर रहे मनोज जरांगे पाटिल पिछले कई महीनों से फडणवीस को निशाना बना रहे हैं। इस दौरान फडणवीस का पक्ष लेने वाले प्रसाद लाड और प्रवीण दरेकर के साथ जरांगे के बीच तीखा वाकयुद्ध होता रहा है। लेकिन नारायण राणे भी अब जरांगे से भिड़ गए हैं। राणे ने पिछले दिनों जरांगे को चेतावनी दी थी कि वह फडणवीस को निशाना बनाना बंद कर दें। अन्यथा मैं तुम्हें मराठवाड़ा में आकर सबक सिखाउंगा। अब राणे ने अपने मराठवाडा दौरे का कार्यक्रम घोषित कर दिया है।

### शरद पवार और उद्धव ठाकरे हैं देशमुख के असली आका

इस दौरान सिंह ने सीधे तौर पर मातोश्री और सिल्वर ओक का जिक्र किया और परोक्ष रूप से मामले में उद्धव ठाकरे और शरद पवार की संलिप्तता का आरोप लगाया। इसलिए संभावना है कि इन मामलों में एक बार फिर आरोपों का सिलसिला और तेज हो जाएगा। पूर्व आईपीएस ने सनसनीखेज आरोप लगाया कि देशमुख मामले दर्ज कराने वाले मास्टरमाइंड थे, लेकिन पवार और ठाकरे उनके पीछे थे। सिंह ने कहा कि सलिल देशमुख (अनिल देशमुख के चिरंजीव) एयरपोर्ट के पास फाइव स्टार ललित में बैठकर पुलिस तबादलों की डील कर रहे थे। पुलिस तबादलों को लेकर देशमुख द्वारा टिप्पणी की गई चिट्ठी मेरे पास है। सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि महाविकास आघाडी के कार्यकाल में विपक्षी नेताओं को फंसाने का दबाव था और जयकुमार रावल को भी फंसाने के लिए मीटिंग की गई थी।

### वर्ली हिट एंड रन केस में फोरेंसिक रिपोर्ट से बड़ा खुलासा

पुलिस के कहा कि घटना के करीब 58 घंटे बाद आरोपी मिहिर शाह को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान काफी समय बीत जाने के कारण पकड़े जाने से पहले शराब उसके शरीर से निकल चुकी थी। हालांकि गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारियों के निर्देशानुसार मिहिर ने मेडिकल जांच कराई थी।

# अमित शाह फिर करेंगे महाराष्ट्र का दौरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लगभग 100 दिन और शेष बचे हैं। इसी के साथ सियासी दलों और उनके गठबंधनों में सीटों के बंटवारे से पहले अनुकूल चुनाव क्षेत्रों की समीक्षा जोर पकड़ने लगी है। इसी बीच बीजेपी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद नंबर दो की हैसियत रखने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर से महाराष्ट्र दौरे पर आने वाले हैं। सूत्रों के अनुसार अमित शाह 16, 17 और 18 अगस्त को महाराष्ट्र में रहेंगे। इस दौरान वह महाराष्ट्र के सभी हिस्सों में आधा-आधा दिन गुजार कर विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। लोकसभा चुनाव में महायुति को महाराष्ट्र में मिली हार के बाद खासकर बीजेपी पर दबाव बढ़ा है। इसके बावजूद बीजेपी अभी भी राज्य में कम से कम 150 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) अपने स्ट्राइक रेट को बीजेपी से बेहतर बताकर 288 विधानसभा सीटों में 90 से अधिक सीटों पर दावा ठोंक रहा है तो वहीं एनसीपी (अजित पवार) भी शिंदे गुट के बराबर सीटों की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन के महादेव जानकर की राष्ट्रीय समाज पाटी, बच्चू कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी व रामदास आठवले की रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) भी अपने लिए कम से कम 10-10 सीटों की मांग कर रही है। ऐसे में इस बार सीटों के बंटवारे में देरी जैसी लोकसभा वाली गलती से बचने के लिए बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व अभी से सक्रिय हो गया है।

## सीईसी राजीव कुमार बोले- 9 पार्टियों से कर चुके हैं मुलाकात

# जम्मू-कश्मीर में जल्द ही चुनाव कराने के लिए हम प्रतिबद्ध, प्रशासन पूरी तरह तैयार

**मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम किसी भी ताकतों को चुनाव को पटरियों से उतारने नहीं देंगे। हम जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव कराने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हम सुकून के साथ चुनाव संपन्न कराना चाहते हैं। सभी राजनीतिक दल जम्मू-कश्मीर में चुनाव को लेकर तैयार है। हम भी पूरी तरह से तैयार हैं।**



मुंबई हलचल / जम्मू

समय सही है, लेकिन अभी तय नहीं है कि चुनाव कब होगा। यह लब्बोलुआब है जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने आए केंद्रीय चुनाव आयोग के दो दिवसीय दौरे का। शुक्रवार को दिल्ली रवाना होने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर में चुनाव के लिए आयोग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह तैयार है। किसी को चुनाव में बाधा नहीं डालने दी जाएगी और न सुरक्षा परिस्थियों की आड़ मे चुनाव टाला जाएगा। बस, दिल्ली में हम यहां के सुरक्षा परिदृश्य और सुरक्षा बलों की तैनाती का आकलन करेंगे, उसके बाद बताएंगे कि चुनाव कब होंगे।

### केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में पहली बार होंगे विस चुनाव

उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने जम्मू कश्मीर में 30 सितंबर 2024 से पूर्व विधानसभा के गठन का निर्देश दिया है। जम्मू कश्मीर में अंतिम बार विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ था। उस समय जम्मू-कश्मीर एक पूर्ण राज्य था। वर्ष 2018 में तत्कालीन राज्य सरकार गिर गई थी और जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ा था। उसके बाद पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर राज्य दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू कश्मीर व लद्दाख में पुनर्गठित हो गया। केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे।

### विस चुनाव की प्रक्रिया शुरू

जम्मू कश्मीर में विस चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में भारतीय चुनाव आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल गत गुरुवार को प्रदेश के दौरे पर आया था। आज शाम को ही आयोग का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली लौटा है। संबधित अधिकारियों और सुरक्षा एवं प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेने बाद पत्रकारों से बातचीत में राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम के तहत विभिन्न संवैधानिक प्रविधान दिसंबर 2023 में ही पूरी तरह जम्मू कश्मीर मे लागू हुए हैं और उसके बाद ही यहां सही मायनों में विस चुनाव की प्रक्रिया को शुरू किया गया है।

### 20 अगस्त को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठकों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि सभी जल्द विधानसभा चुनाव चाहते हैं। कइयों ने सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग और सीसीटीवी निगरानी को सुनिश्चित करने, सभी के लिए समानता के आधार पर राजनीतिक गतिविधियां चलाने के अधिकार और सभी के लिए समुचित सुरक्षा कवच का मुद्दा उठाया है।इन सभी का संज्ञान लिया गया है।

संबधित प्रशासन को निर्देश दिया गया कि चुनावी रैलियों की अनुमति ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर हो। दी गई अनुमति को मौखिक रूप से रद्द न किया जाए। सभी नेताओं की सुरक्षा की समीक्षा कर, उसे सुनिश्चित बनाया जाए।

# सीबीआई ने 11 ठिकानों पर की छापेमारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रयागराज रेलवे भर्ती बोर्ड की डीजीसीई (जनरल डिपार्टमेंट कंपटीटिव एग्जाम) का पेपर लीक मामले में सीबीआई ने राजस्थान और यूपी में 11 ठिकानों पर छापा मारा है। सीबीआई की टीमों ने प्रयागराज, नोएडा, अलीगढ़, मथुरा, चित्रकूट व राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, करौली, अलवर, सवाई माधोपुर में क साथ छापा मारकर दस्तावेज बरामद किए हैं। रेलवे बोर्ड के उपनिदेशक विजिलेंस अनिल कुमार मीना की शिकायत पर सीबीआई लखनऊ, की एंटी करप्शन ब्रांच ने परीक्षा देने वाले और पेपर लीक कराने के बदले पैसा लेने वाले 11 रेलकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, परीक्षा कराने वाली एजेंसी अपटेक लि को भी आरोपी बनाया गया है। रेलवे ने शिकायत में अपनी विजिलेंस जांच रिपोर्ट का हवाला दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज के रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा 6 अगस्त 2021 को आयोजित डीजीसीई परीक्षा का पेपर लीक करके 50-60 अभ्यर्थियों को पढ़वाया गया था।




### सीबीआई केस में नामजद आरोपी

ट्रैक मेंटेनर राजस्थान के भरतपुर के भूप सिंह, वेगराज, महावीर सिंह व प्रीतम सिंह, अलवर का जितेंद्र कुमार मीना, सवाई माधोपुर का प्रमोद कुमार मीना, टोंक का हंसराज मीना, अलीगढ़ का धर्म देव, करौली का प्रशांत कुमार मीना, जयपुर में उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य अभियंता कार्यालय का कार्यालय अधीक्षक मान सिंह के अलावा नोएडा का पार्सल पोर्टर मोहित भाटी शामिल है।

## लोक सभा का दूसरा सत्र संपन्न, 15 बैठकों की कार्यवाही 115 घंटे चली

# सत्र के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 400 मामले उठाए गए, संसद ने 4 विधेयक पारित किए

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दी सत्र में हुए काम-काज की जानकारी

### बजट पर आम चर्चा 27 घंटे 19 मिनट चली और 181 सदस्यों ने भाग लिया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

18वीं लोक सभा का दूसरा सत्र शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दौरान लोकसभा की 15 बैठकें हुईं जो 115 घंटे चलीं। 2024-25 के केंद्रीय बजट पर आम चर्चा 27 घंटे 19 मिनिट चली और इस चर्चा में 181 सदस्यों ने भाग लिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक सभा में 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और 4 विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान अविलंबनीय लोक महत्व के 400 मामले उठाए गए। यह सत्र गत 22 जुलाई से आरंभ हुआ था। हालांकि सत्र 12 अगस्त तक चलना था पर इसे 9 अगस्त को ही समाप्त कर दिया गया।

बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान सभा की कार्य-उत्पादकता 136 प्रतिशत रही। 23 जुलाई को वित्त मंत्री ने सदन में केंद्रीय बजट (2024-2025) पेश किया। केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा 27 घंटे 19 मिनट तक चली और इस चर्चा में 181 सदस्यों ने भाग लिया।

वित्त मंत्री ने 30 जुलाई को चर्चा का उत्तर दिया। उन्होंने आगे यह बताया कि सभा ने 30 जुलाई से 5 अगस्त तक कुछ चयनित मंत्रालयों/ विभागों की अनुदानों की मांगों पर चर्चा की और चर्चा के बाद अनुदान मांगों को पारित किया गया। 5 अगस्त को केन्द्रीय बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पारित किया गया। सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए तथा 4 विधेयक पारित किए गए। पारित किए गए महत्वपूर्ण विधेयकों में वित्त विधेयक 2024; विनियोग विधेयक 2024; जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक 2024; और भारतीय वायुयान विधेयक 2024 शामिल हैं। बिरला ने कहा कि सत्र के दौरान 86 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। शून्य काल के दौरान सदस्यों ने अविलंबनीय लोक महत्व के 400 मामले उठाए और



नियम 377 के अधीन 358 मामले उठाए गए। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान निदेश 73क के अधीन 25 वक्तव्य, सरकारी कार्य के बारे में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा 2 वक्तव्य और मंत्रियों द्वारा तीन 'सुओ मोटो स्टैट्मेन्ट' सहित कुल 30 वक्तव्य दिए गए। सत्र के दौरान, कुल 1345 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया। बिरला ने कहा कि जहां तक गैर सरकारी सदस्यों के कार्यों का संबंध है, इस सत्र के दौरान 65 गैर सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए। देश में हवाई किराए को विनियमित करने के लिए उचित उपायों के विषय पर सदस्य शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत गैर सरकारी सदस्य के संकल्प पर सभा में 26 जुलाई को चर्चा हुई । तथापि, इस संकल्प पर चर्चा पूरी नहीं हुई।

### बिरला की चाय बैठक में मिले मोदी और राहुल

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सत्र स्थगित होने के बाद शुक्रवार को अनौपचारिक चाय बैठक आयोजित की। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए। दोनों नेताओं ने एक दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। इस दौरान राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह से यूक्रेन की हालातों के बारे में पूछा, जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत इस पर कड़ी नजर रख रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही के सुचारू संचालन में सहयोग करने के लिए प्रधानमंत्री, संसदीय कार्य मंत्रियों, नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं और सांसदों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। चाय बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू, लोजपा नेता चिराग पासवान, एनसीपी (पवार) की सुप्रिया सुले, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे, समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद यादव समेत प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।

### रेलवे भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने में फंसे पटना के चेयरमैन

**सीबीआई** की एंटी करप्शन ब्रांच लखनऊ ने रेलवे भर्ती बोर्ड प्रयागराज की जनरल डिपार्टमेंट कंपटेटिव परीक्षा (जीडीसीई) का पर्चा लीक होने में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। जानकारी के मुताबिक, रेलवे परीक्षा का पर्चा लीक करने में रेलवे भर्ती बोर्ड पटना के चेयरमैन राजेश कुमार से लेकर कई कर्मचारियों की मिलीभगत रही। सिर्फ इतना ही नहीं, रेलवे विजिलेंस की जांच में भी इनकी भूमिका संदिग्ध बताई गई है। पेपर लीक के बाद, अभ्यर्थियों से करीब दो करोड़ रुपए तक की वसूली की गई।

## पीएम ने 'एक्स' पर बदली प्रोफाइल

# हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हों, इसे यादगार जनांदोलन बनाएं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स ' पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदलकर 'तिरंगा' कर दी है।

पीएम मोदी ने देशवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने का आग्रह किया। पीएम ने पोस्ट में कहा कि फिर से हर घर तिरंगा अभियान को एक यादगार जन आंदोलन बनाएं। मैं अपनी प्रोफाइल फोटो बदल रहा हूं और आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसा करके हमारे तिरंगे का सम्मान करने में मेरा साथ दें। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डाट कॉम पर अपनी सेल्फी साझा करने का भी अपील की। आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए सरकार 9 अगस्त से देश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाती है। यह 15 अगस्त को समाप्त होता है। भाजपा ने अभियान को सफल बनाने देश भर में रैली निकालने को कहा है।



## रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री ने कहा

# यूरिया सब्सिडी योजना खरीफ रबी दोनों मौसम के लिए लागू

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने यूरिया सब्सिडी योजना शुरू की है। यह रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो खरीफ और रबी दोनों मौसमों के लिए लागू है।

इस योजना को भारत सरकार द्वारा बजट सहायता प्रदान की जाती है। लोकसभा में केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक उत्तर में बताया कि यूरिया सब्सिडी योजना के 3 घटक हैं, स्वदेशी, आयातित यूरिया और समान माल ढुलाई सब्सिडी। स्वदेशी यूरिया सब्सिडी यूरिया इकाइयों को स्वदेशी यूरिया उत्पादन के लिए दी जाती है। आयातित यूरिया सब्सिडी देश में यूरिया की अनुमानित मांग, स्वदेशी उत्पादन के बीच के अंतर को पाटने के लिए किए गए आयात की ओर निर्देशित है। दोनों घटकों में समान माल ढुलाई सब्सिडी नीति के तहत देश भर में यूरिया की आवाजाही के लिए माल ढुलाई सब्सिडी भी शामिल है।



### स्वाइन फ्लू ने दी दस्तक, 2 की मौत 4 अपोलो में भर्ती

बिलासपुर। राज्य में स्वानइ फ्लू की दस्तक के साथ दो मरीजों की मौत की भी सूचना है। बिलासपुर इलाके में स्वाइन फ्लू के मरीज देखे जा रहे हैं। वहां शुक्रवार को अपोलो में इलाज के दौरान दो महिला मरीजों की मौत हो गई, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि शहर के कुदुदंड और हर्ष फोनेनिक्स अपार्टमेंट, बाजपई कैसल, वसंत चौक के 4 मरीजों को अपोलो में भर्ती कराया गया है, सभी की हालत नाजुक है, जिनका इलाज किया जा रहा है। डायरिया और मलेरिया के बाद जिला अब स्वाइन फ्लू की गिरफ्त में आ चुका है। स्वाइन फ्लू के चपेट में आने के बाद अपोलो में इलाज करा रही दो महिलाओं की मौत हो चुकी है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 20 अगस्त से ट्रांसपोर्ट बिरादरी असहयोग आंदोलन करने के लिए तैयार



**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** जेएनपीटी कंटेनर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने असहयोग आंदोलन का आवाहन दिया है। मंगलवार 20 ऑगस्ट 2024 से ऐसा ये सभी इसलिए करने जा रहे है जिसकी वजह है। एम्पटी कंटेनर यार्ड में आने वाली चुनौतियाँ, गुजरात और नासिक की सड़क की खस्ता हालत , ट्रांसपोर्टरों के सामने आने वाली समस्याओं को उजागर करने के लिए ट्रांसपोर्टर बिरादरी अपने वाहनों को सड़क पर नहीं उतारेंगा, साथ ही ट्राफिक विभाग द्वारा अवैध ई चालान जैसी समस्याओं से होने वाली रोजमर्रा की परेशानी से निजात पाने के लिए ऐसा कड़ा फैसला लिया गया है। जिसके लिए सभी ट्रांसपोर्ट यूनियन एक साथ आकर एक दूसरे का साथ देंगे, वही एमटी यार्ड की बिगड़ती हालत, मनमानी वसूली के भी कई मामले सामने आ रहे है। ट्रांसपोर्ट बिरादरी की जानकारी के बाद इस बारे में, सी एस एल ए/ एम एस सी दीपक तिवारी और डायरेक्टर सी एस एल ए के सुनील वासवानी से बात करने की कोशिश की गई पर फोन का कोई जवाब नही आ रहा है। आप को बता दे यदि ट्रांसपोर्टर हड़ताल पर जाते है तो इसका सीधा असर आयात /निर्यात व्यापार पर पड़ेगा। इस बार ट्रांसपोर्टरों ने कमर कस ली है की वो अपने लिए अब वह लड़ेंगे भले ये हड़ताल कितने दिन ही क्यों नही चले जब तक सरकार इस में कोई संज्ञान लेकर कोई सही फैसला नहीं लेती तब तक सड़को पर उनके वाहन नहीं उतरेंगे। मार्केटिंग यार्ड पोर्ट भी खाली नजर आएंग, देश में चलनेवाली धांधली पर सरकार जब तक लगाम नहीं लगाती तब तक कोई भी ट्रांसपोर्ट अपनी हड़ताल नही तोड़ेगा।

- रिलायंस, इंफोसिस में बढ़ा निवेश
- संसेक्स के 30 में से 28 शेयर रहे लाभ में
- बाजार खुलते ही सेंसेक्स हजार अंक से अधिक चढ़ा

### वैश्विक बाजार में रही खरीदारी

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 820 अंक चढ़ा, निफ्टी भी लाभ में

मुंबई हलचल / मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 820 अंक चढ़ गया। वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 819.69 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,705.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान एक समय 1,098.02 अंक तक चढ़ गया था।

## सेंसेक्स के मात्र दो शेयर रहे नुकसान में

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 लाभ में जबकि दो नुकसान में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 250.50 अंक यानी 1.04 प्रतिशत उछलकर 24,367.50 अंक पर बंद हुआ।

## अमेरिका में मंदी की आशंका दूर हुई: जियोजीत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिका में बेरोजगारी दावों के सकारात्मक आंकड़ों से मंदी की आशंका दूर हुई है। इससे बाजार पर अच्छा असर पड़ा है।'

## बाजार में मजबूती आनी शुरू: रेलिगेयर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "बाजार में मजबूती आनी शुरू हो गयी है। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक संकेत से सेंसेक्स व निफ्टी एक प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए।"



## एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में सकारात्मक रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को लाभ में रहे थे।

## विदेशी निवेशकों ने बेचे शेयर

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 2,626.73 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल रहा।

*मिडकैप में रहा अच्छा उछाल:* *बीएसई मिडकैप 1.21 प्रतिशत प्रतिशत उछला जबकि छोटी कंपनियों के शेयरों से संबंधित स्मॉलकैप सूचकांक 0.79 प्रतिशत मजबूत हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 1,276.04 अंक यानी 1.57 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 350.2 अंक यानी 1.41 प्रतिशत टूटा है।*

## इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। वहीं कोटक महिंद्रा बैंक और मारुति के शेयर नुकसान में रहे।

## ओला 20 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध

इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 76 रुपये से 20 प्रतिशत के उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75.99 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में शेयर ने शानदार वापसी की और यह 19.97 प्रतिशत की छलांग लगाकर 91.18 रुपये पर बंद हुआ। यह इसकी ऊपरी सर्किट सीमा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सैलून को कहें ना, घर बैठे ऐसे पाएं शाइनी स्ट्रेट हेयर




**बाल सेट करने के उपाय :** आजकल बालों को स्ट्रेट करने का बहुत फैशन चल रहा है। लड़कियां अपने कर्ली हेयर्स को सैलून जाकर सीधा करवा रही हैं। मगर हर बार सैलून जाकर बालों को स्ट्रेट करना महंगा पड़ता है। इसके साथ ही स्ट्रेटनिंग मशीन या कैमिकल का इस्तेमाल करने से बालों को काफी नुकसान होता है। ऐसे में बालों को हैल्दी रखने के लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

1. **एलोवेरा और ऑयल पैक** - बालों को स्ट्रेट करने के लिए एलोवेरा और ऑयल पैक का इस्तेमाल करें। आधा कप एलोवेरा में 2 चम्मच तेल मिलाकर कम से कम 1 घंटे तक बालों में लगाएं। इसको लगाने से कुछ ही दिनों मे कर्ली हेयर से छुटकारा मिलेगा।

2. **दूध और अंडे का पैक** - 1 कप दूध में 1 अंडा मिलाकर हेयर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को कम से कम 1 घंटे तक बालों में लगाएं। फिर माइल्ड शैंपू से बाल धो लें। हफ्ते में कम से कम 2 बार यह पैक बालों में लगाएं। कुछ दिनों में आपके कर्ल्स गायब हो जाएंगे।

3. **मुल्तानी मिट्टी** - मुल्तानी मिट्टी से बालों को आसानी से स्ट्रेट किया जा सकता है। पुराने जमाने में लोग बालों को धोने के लिए शैंपू का नहीं बल्कि मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करते थे। अगर आप भी कर्ली बालों को सीधा करना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी पैक लगाए।

4. **मेथी और नारियल तेल** - मेथी तथा नारियल तेल का मास्क स्ट्रेट बालों के लिए बहुत अच्छा होता है। पैक बनाने के लिए 2 बड़े चम्मच मेथी पाउडर में 1 बड़ा चम्मच नारियल तेल मिलाकर बालों पर लगाएं। इस मास्क को लगाने से बालों को बांऊस मिलेगा और बाल लंबे समय तक स्वस्थ रहेंगे।

# रातभर चेहरे पर लगाएं यह होममेड सीरम, डार्क स्पॉट से मिलेगा छुटकारा

## होममेड फेस सीरम बनाने के लिए :



गोरे रंग पर ग्लो न हो तो खूबसूरती भी फीकी है। लड़कियां अपने चेहरे पर हरदम ग्लो बनाए रखने के लिए कई क्रीम्स व ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा लेती हैं। इतना ही नहीं मेकअप करने से पहले सीरम का इस्तेमाल करती है, ताकि चेहरे ग्लो करता रहे लेकिन मार्कीट में मिलने वाले कैमिकल्स युक्त सीरम के काफी साइड-इफैक्ट भी होते हैं। इसी चक्कर में लड़कियां कैमिकल्स वाले प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल करने से बचती हैं। अगर आपको भी इसी बात का डर है तो आज हम आपको होममेड सीरम बताएंगे जो चेहरे को हमेशा ग्लोइंग बनाए रखेंगे और बाकी स्किन प्रॉबल्म दूर करेगा।

## सीरम बनाने की सामग्री

2 टेबलस्पून आर्गन तेल
2 टेबलस्पू अंगूर के बीज का तेल
1 टीस्पून विटामिन ई ऑयल
5 बूंदे नींबू एसेंशियल ऑयल


सीरम बनाने का तरीका

बाउल में आर्गन तेल और अंगूर के बीज का तेल मिलाएं। फिर इसमें विटामिन ई तेल व लेमन एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छे से मिक्स करें। अब इस मिक्सचर को ड्रॉपर बोतल में डालें। मेकअप करने या सोने से पहले इस सीरम की 2 बूंदे लेकर अपने चेहरे पर लगाएं।

## सीरम में मौजूद सामग्री के फायदे

लेमन एसेंशियल ऑयल लगाने से स्किन पर मौजूद स्कार्स, दाग-धब्बे व झाइयां दूर होते हैं वहीं विटामिन ई तेल से झुर्रियां गायब हो जाती हैं। अंगूर के बीज के तेल में एंटी-स्कार्स और एंटी-मार्क्स प्रॉपर्टीज होती हैं। आर्गन तेल लगाने से स्किन नरिश होगी और चेहरे पर मौजूद स्कार्स दूर होंगे।

# हाई बी.पी मरीज के लिए फायदेमंद है अंकुरित मूंग



मूंग की दाल अनाज में सबसे ज्यादा पौष्टिक मानी जाती है। इसमें कैलोरी बहुत कम और विटामिन ए,बी,सी और ई की भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा मैग्नीशियम, कॉपर, फाइबर,पोटाशियम, आयरन आदि जैसे जरूरी पोषक तत्वों का खजाना है मूंग की दाल। इसके गुणों के कारण ही स्प्राउट में भी इसे खास जगह दी गई है। आइए जानें रोज सुबह अंकुरित मूंग खाने के दो खास फायदे।

## कैंसर से रोकथाम

अंकुरित मूंग में पाए जाने वाले एमिनो एसिड्स पॉलीफेनॉल्स और ओलिगो सैकेराइड कैंसर सैल्स फैलने से रोकने का काम करते हैं। इससे कैंसर से बचाव रहता है। इसके साथ ही मूंग दाल में मौजूद फ्लैवेनाइड्स फ्री रेडिकल्स से बचने में भी बहुत फायदेमंद है।

## हाई ब्लड प्रैशर कंट्रोल

जिन लोगों का ब्लड प्रैशर हाई रहता है, उन्हें अंकुरित अनाज का सेवन जरूर करना चाहिए। इसमें सोडियम नहीं होता जिसे खाने से कोलेस्ट्रॉल का स्तर और रक्त चाप कंट्रोल रहता है।

## इन रोगों में भी लाभकारी

अंकुरित मूंग दाल पाचन क्रिया दुरुस्त करने, लीवर रोग, प्रतिरोधक क्षमता सुधारने, पेट के रोगों आदि में भी बहुत लाभकारी है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# शेफाली को आते थे मिर्गी के दौरे

एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला सिर्फ एक गाने 'कांटा लगा' से रातों-रात स्टार बन गई थीं। इस गाने की रिलीज के बाद हर तरफ सिर्फ शेफाली की चर्चा होने लगी थी और वह 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से पहचानी जाने लगी। हाल ही में शेफाली जरीवाला ने एक पॉडकास्ट में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात की है। इस दौरान शेफाली अपने उस दर्द को भी बयां किया जिसे उन्होंने 15 साल की उम्र में झेला था। शेफाली जरीवाला ने कहा, किसी भी आर्टिस्ट को पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ती है। मुझे कांटा लगा से ये पहचान मिली। ये मेरा पहला प्रोजेक्ट था और ये जबरदस्त हिट था।

मैं चाहती हूं कि लोग मुझे आज भी मेरे उस गाने से मुझे याद रखें। जब कांटा लगा किया था, तब हम फाइनेंशियली मुश्किल समय से गुजर रहे थे। मेरे पापा ने सारा पैसा खो दिया था। मेरी मां बैंक में काम कर रही थीं। एक्ट्रेस ने कहा, मेरी बहन कॉलेज में पढ़ रही थी और कॉलेज की फीस बहुत ज्यादा थी। मेरी मां ने फीस के लिए अपनी चूड़ियां उधार पर रख दी। उस दिन मैंने डिसाइड किया कि मैं अपनी मां को इतनी चूड़ियां दिलाऊंगी कि वो डिसाइड न कर सकें कि कौनसी पहननी है। शेफाली ने बताया कि उन्हें मिर्गी के दौरे पड़ते थे। उन्होंने कहा, मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल ईश्यू है। ये जेनेटिक भी हो सकती है। इसमें दौरे के लक्षण होते हैं। ये ज्यादा स्ट्रेस की वजह से होता है जब आपका दिमाग स्ट्रेस हैंडल नहीं कर पाता है। मुझे पहला दौरा तब पड़ा था जब मैं 15 साल की थी। बोर्ड एग्जाम की वजह से मुझे ओवरस्ट्रेस हो गया था। आज के समय में दवाईयां, अच्छे डॉक्टर्स हैं। शेफाली ने कहा, अब मुझे 20 साल से दौरे नहीं पड़ते। मैं अब दवाइयां नहीं लेती हूं। जब आपको दौरे पड़ते हैं तो आप अपनी जीभ काट सकते हो। मुझे दौरा तब पड़ा था जब मैं बालकनी में खड़ी थी। मैं गिर सकती थी और मर सकती थी। आपको पता नहीं होता है कि दौरा कब पड़ेगा।




# शारवरी को मिला आईएमडीबी स्टारमीटर पुरस्कार

शारवरी (मुंज्या) को आईएमडीबी "ब्रेकआउट स्टार" स्टारमीटर पुरस्कार मिला, जैसा कि दुनिया भर में 250 मिलियन से अधिक मासिक आईएमडीबी दर्शकों के पेज व्यू पर आईएमडीबी डेटा द्वारा निर्धारित किया गया। मुंबई, इंडिया-7 अगस्त, 2024- फिल्मों, टीवी शो और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया के सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत आईएमडीबी (http://www.imdb.com/) ने मुंज्या स्टार शारवरी को आईएमडीबी "ब्रेकआउट स्टार" स्टारमीटर पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार उन सितारों को दिया जाता है जो आईएमडीबी ऐप पर लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की सूची में अच्छा प्रदर्शन करते हैं। यह सूची विश्व भर में आईएमडीबी पर आने वाले 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकों के पेज व्यूज को दर्शाती है, तथा यह उन सितारों के बारे में सटीक भविष्यवाणी करता है, जिनके करियर में सफलता का दौर आने वाला है। शारवरी आदित्य सरपोतदार की हॉरर-कॉमेडी मुंज्या (जिसकी आईएमडीबी रेटिंग 7.2/10 है) में मुख्य भूमिका में हैं, और सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा की ऐतिहासिक ड्रामा महाराज में विशेष भूमिका में हैं। एक सप्ताह के अंतराल पर दोनों फिल्मों के रिलीज होने के बाद, वह लगातार चार सप्ताह तक 'लोकप्रिय भारतीय हस्तियों' की सूची में शीर्ष स्थान पर रहीं।

# कभी नहीं आएगी कमल हासन की इंडियन 3?

साउथ सुपरस्टार कमल हासन 5 दशकों से इंडस्ट्री में अपना जलवा कायम किए हुए हैं। उनकी एक्टिंग स्किल्स की दुनिया दीवानी है। उनकी फिल्में फैंस बहुत पसंद करते हैं। कमल हासन के करियर की सबसे सफल फिल्मों में एक फिल्म इंडियन भी रही है। इसी फ्रैंचाइज की दूसरी फिल्म पिछले महीने रिलीज हुई। लेकिन ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी। हाल इतना बुरा हुआ कि फिल्म के लिए बजट का आधा वसूल पाना भी मुश्किल हो चला। अब इस फिल्म के फ्लॉप होने के बाद इस फ्रैंचाइज की तीसरी मूवी को लेकर संशय बन गया है। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद इंडियन 3 फिल्म अब नहीं रिलीज की जाएगी।



हालांकि फिल्म की शूटिंग का काम तो पहले से हो चुका है। लेटेस्ट सोर्स की मानें तो खुद डायरेक्टर शंकर का मन इस प्रोजेक्ट से हट गया है। उनके मुताबिक इंडियन 2 को जैसा रिस्पॉन्स मिला है उसके मद्देनजर तीसरे पार्ट को लाने का कोई विशेष मतलब नहीं बनता है। लोगों का इंटरेस्ट लूज हो गया है और अब पहले पार्ट के क्रेज की कॉन्टिन्युटी को तीसरे पार्ट तक बरकरार रख पाना मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसे में मेकर्स इस फिल्म को लेकर कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं। हालांकि अभी मेकर्स दुविधा में हैं। क्योंकि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और आगे अब पोस्ट-प्रोडक्शन का काम बाकी है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि फिल्म को लेकर मेकर्स क्या तय करते हैं।